अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance...

IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

01 MARCH 2024

USEFUL FOR

IAS | PCS

& other civil services exams




Sunil Lawania

(Managing Director)

FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **चुनाव आयोग ने शिक्षा मंत्रालय के साथ मिलकर 'मेरा पहला वोट देश के लिए' अभियान शुरू किया**




- लोकसभा चुनाव को देखते हुए पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को मतदान के प्रति रुझान बढ़ाने के लिए चुनाव आयोग ने शिक्षा मंत्रालय के साथ मिलकर 'मेरा पहला वोट देश के लिए' (Mera Pehla Vote Desh Ke Liye) अभियान शुरू किया है.
- इसके तहत उच्च शिक्षण संस्थानों में 28 फरवरी के छह मार्च के बीच अभियान चलाया जा रहा है.

2. **28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया**




- भारत में हर साल 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है. भारतीय वैज्ञानिक चन्द्रशेखर वेंकट रमन के विज्ञान के क्षेत्र में किये गए उल्लेखनीय कार्यो को महत्व देने के उद्देश्य से यह दिवस पूरे भारत में मनाया जाता है.
- राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 का थीम 'विकसित भारत के लिए स्वदेशी तकनीक' (Indigenous Technologies for Viksit Bharat) है.
- 28 फरवरी, 1987 को पहला राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया था.

3. **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के थूथुकुडी में भारत के पहले स्वदेशी हरित हाइड्रोजन ईंधन सेल अंतर्देशीय जलमार्ग को लांच किया**




- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के थूथुकुडी में भारत के पहले स्वदेशी हरित हाइड्रोजन ईंधन सेल अंतर्देशीय जलमार्ग जहाज (Green hydrogen fuel cell inland waterway vessel) को लांच किया.
- इसे कोचीन शिपयार्ड द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है.
- इस जहाज की लम्बाई 24 मीटर है और इसमें 50 यात्रियों के बैठने की जगह है.
- वहीं चिदंबरनार बंदरगाह देश का पहला ग्रीन हाइड्रोजन हब बंदरगाह बन गया है.

4. **सुनील भारती मित्तल को ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय द्वारा मानद नाइटहुड से सम्मानित किया**



- भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय द्वारा मानद नाइटहुड से सम्मानित होने वाले पहले भारतीय बन गए है.
- यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें "यूके और भारत के व्यापारिक संबंधों को मजबूती प्रदान करने के लिए दिया गया.
- इससे पहले रतन टाटा, रविशंकर और जमशेद ईरानी को भी यह सम्मान मिल चुका है.

5. **निकोलस पूरन को लखनऊ सुपर जाइंट्स ने आईपीएल 2024 से पहले अपना उप-कप्तान बनाया**




- लखनऊ सुपर जाइंट्स ने आईपीएल 2024 से पहले निकोलस पूरन को अपना उप-कप्तान बनाया है.
- इससे पहले क्रुणाल पंड्या टीम के उप-कप्तान थे.
- टीम के कप्तान केएल राहुल ने एक इवेंट में पूरन को 29 नंबर वाली उपकप्तान की जर्सी सौंपी.
- त्रिनिदाद के क्रिकेटर पूरन विश्व स्तर पर T20 फॉर्मेट के एक प्रमुख खिलाड़ी है.

**6. गगनयान मिशन के लिए 4 अंतरिक्ष यात्रियों को नामांकित किया**




- भारत के महत्वाकांक्षी अंतरिक्ष मिशन गगनयान मिशन के लिए 4 अंतरिक्ष यात्रियों के नाम की घोषणा कर दी गई है।
- इसमें ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णन, ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला शामिल हैं।
- प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष यात्री पंख भी भेंट किये।

**7. दुनिया की पहली वैदिक घड़ी मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले में स्थापित की**



- दुनिया की पहली वैदिक घड़ी मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले में स्थापित की गई है, जिसका अनावरण 1 मार्च को किया जाएगा।
- यह घड़ी भारतीय पारंपरिक कैलेंडर के अनुसार समय प्रदर्शित करेगी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक मार्च को शहर के जंतर-मंतर पर 85 फीट ऊंचे टावर पर स्थापित इस घड़ी का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे।

**8. चंडीगढ़ में केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड का नया क्षेत्रीय कार्यालय स्थापित किया जाएगा**



- केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने घोषणा की कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) का एक क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ में खोला जाएगा।
- उन्होंने यह घोषणा चंडीगढ़ में 'चित्रा भारती फिल्म फेस्टिवल' के समापन समारोह के मौके पर की. सीबीएफसी भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय के तहत एक वैधानिक फिल्म-प्रमाणन निकाय है।

**9. चौथे खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 21-25 फरवरी, 2024 तक गुलमर्ग, जम्मू और कश्मीर में आयोजित किए गए**




- चौथे खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 21-25 फरवरी, 2024 तक गुलमर्ग, जम्मू और कश्मीर में आयोजित किए गए।
- इन खेलों का आयोजन दो चरणों में आयोजित किया गया –
- फरवरी 2-6, 2024 : लेह लद्दाख
- फरवरी 21-25, 2024 : गुलमर्ग, जम्मू और कश्मीर

- इन खेलों में स्नोबोर्डिंग, अल्पाइन स्कीइंग, नॉर्डिक स्कीइंग और स्नो पर्वतारोहण जैसे शीतकालीन खेलों को शामिल किया गया।
- खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2024 का शुभंकर एक हिम तेंदुआ है जो प्राकृतिक आवासों के संरक्षण, वन्यजीव संरक्षण और पर्वतीय विकास के बारे में स्वदेशी समुदायों की चिंताओं से संबंधित मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाता है।

**10. महान गायक पंकज उधास का 72 वर्ष की उम्र में निधन**



- 'चिट्ठी आई है' जैसे यादगार हिट गाने देने वाले महान गायक पंकज उधास का लंबी बीमारी के बाद मुंबई में निधन हो गया।
- वह 72 वर्ष के थे। पंकज उधास का जन्म 17 मई 1951 को गुजरात के जेतपुर में हुआ था।
- उन्हें 2006 में पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
- उनका गाना 'चिट्ठी आई है', जो बहुत हिट हुआ, बीबीसी रेडियो द्वारा सहस्राब्दी के 100 गानों में से एक के रूप में चुना गया था।

**11. खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2024 में सेना शीर्ष पर, कर्नाटक दूसरे स्थान पर रहा**



- अल्पाइन स्कीयर बॉबी पांडे ने गुलमर्ग में खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2024 में स्वर्ण पदक जीता, और 10 स्वर्ण के साथ सेना की शीर्ष पदक तालिका में स्थान हासिल किया।
- कर्नाटक की स्कीयर थेक्कडा भवानी नंजुंदा ने 2 गोल्ड जीते।
- खेलों के तकनीकी प्रबंधन में शामिल शिव केशवन और आरिफ मोहम्मद खान सहित छह ओलंपियन, भारतीय खेल प्राधिकरण की भूमिका पर प्रकाश डालते हैं।
- सेना और कर्नाटक के बाद महाराष्ट्र तीसरे स्थान पर रहा।

**12. बगदाद में तीरंदाजी एशिया कप 2024 में भारत ने 9 स्वर्ण पदक जीते**



- भारत ने इराक के बगदाद में तीरंदाजी एशिया कप 2024 को नौ स्वर्ण, चार रजत और एक कांस्य पदक सहित 14 पदकों के साथ समाप्त किया।
- महिला व्यक्तिगत रिकर्व वर्ग में तीन बार की ओलंपियन दीपिका कुमारी ने स्वर्ण पदक जीता।
- धीरज बोम्मदेवरा ने पुरुष रिकर्व तीरंदाजी का खिताब जीता।
- परनीत कौर ने महिलाओं का स्वर्ण पदक जीता।
- प्रथमेश जावकर ने पुरुष वर्ग का खिताब जीता।

**13. रक्षा सुरक्षा कोर ने मनाया अपना 77वाँ स्थापना दिवस**



- रक्षा सुरक्षा कोर ने अपना 77वाँ स्थापना दिवस मनाया; जिसे प्रारंभ में 1947 में देश भर में रक्षा और नागरिक स्थलों को सुरक्षित करने के लिए गठित किया गया था।
- सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने DSC सदस्यों, दिग्गजों और परिवारों को शुभकामनाएँ दीं।
- DSC सैनिक 1947 से देश भर में विभिन्न संवेदनशील रक्षा और नागरिक प्रतिष्ठानों को सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं।

**14. विनायक दामोदर सावरकर की पुण्य तिथिः 26 फरवरी**




- विनायक दामोदर सावरकर एक भारतीय राजनीतिज्ञ, कार्यकर्ता और लेखक थे।
- उन्होंने हिंदुत्व की हिंदू राष्ट्रवादी राजनीतिक विचारधारा को बढ़ावा दिया।
- उन्होंने और उनके भाई गणेश सावरकर ने 1904 में गुप्त समितियों "अभिनव भारत सोसायटी" और 1899 में "मित्र मेला" की स्थापना की।
- वह ब्रिटेन में इंडिया हाउस और फ्री इंडिया सोसाइटी से जुड़े थे।
- उन्होंने एक किताब लिखी- द इंडियन वॉर ऑफ इंडिपेंडेंस.

**15. राजस्थान में भारत-जापान संयुक्त सैन्य अभ्यास**



- भारतीय सेना और जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स के बीच सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन' का 5वां संस्करण राजस्थान में शुरू हो गया है।
- इसका उद्देश्य सैन्य सहयोग को मजबूत करना है, इस अभ्यास में सामरिक अभ्यास और विशेष हथियार कौशल शामिल हैं, और यह भारत के रक्षा नवाचार को प्रदर्शित करता है।
- लेफ्टिनेंट जनरल तोगाशी युइची सहित उच्च पदस्थ अधिकारी युद्ध प्रदर्शन देखेंगे।

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **चुनाव आयोग ने किसके साथ मिलकर 'मेरा पहला वोट देश के लिए' अभियान शुरू किया है?**
   (a) गृह मंत्रालय (b) शिक्षा मंत्रालय
   (c) पंचायती राज मंत्रालय (d) विदेश मंत्रालय
2. **राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है?**
   (a) 26 फरवरी (b) 27 फरवरी
   (c) 28 फरवरी (d) 29 फरवरी
3. **भारत के पहले स्वदेशी हरित हाइड्रोजन अंतर्देशीय जलमार्ग जहाज को किस राज्य में लांच किया गया?**
   (a) गुजरात (b) महाराष्ट्र
   (c) तमिलनाडु (d) ओडिशा
4. **किस भारतीय को ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय द्वारा मानद नाइटहुड से सम्मानित किया गया?**
   (a) गौतम अडानी (b) सुनील भारती मित्तल
   (c) मुकेश अंबानी (d) उदय कोटक
5. **लखनऊ सुपर जाइंट्स ने आईपीएल 2024 से पहले किसे अपना उप-कप्तान बनाया है?**
   (a) रवि विश्नोई (b) निकोलस पूरन
   (c) क्रुणाल पंड्या (d) आवेश खान
6. **गगनयान मिशन के लिए कितने अंतरिक्ष यात्रियों को नामांकित किया गया है?**
   (a) 4 (b) 5
   (c) 6 (d)7
7. **दुनिया की पहली वैदिक घड़ी भारत के किस राज्य में स्थापित की गई है?**
   (a) उत्तर प्रदेश (b) मध्य प्रदेश
   (c) राजस्थान (d) अरुणाचल प्रदेश
8. **केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड का नया क्षेत्रीय कार्यालय कहाँ स्थापित किया जाएगा?**
   (a) शिमला (b) चंडीगढ़
   (c) श्रीनगर (d) जयपुर
9. **निम्न में से किस स्थान पर चौथे खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का आयोजन किया गया?**
   (a) गुलमर्ग (b) देहरादून
   (c) लद्दाख (d) श्रीनगर
10. **पंकज उधास को पद्मश्री से कब सम्मानित किया गया था?**
   (a) 2006 (b) 2007
   (c) 2005 (d) 2009
11. **खेलो इंडिया विंटर गेम्स में कौन टॉप पर है?**
   (a) भारतीय सेना (b) कर्नाटक
   (c) महाराष्ट्र (d) इनमे से कोई नहीं
12. **तीरंदाजी एशिया कप 2024 में भारत ने कितने स्वर्ण पदक जीते है?**
   (a) 7 (b) 9
   (c) 10 (d) 12
13. **रक्षा सुरक्षा कोर की स्थापना कब हुई थी?**
   (a) 1945 (b) 1946
   (c) 1947 (d) 1948
14. **विनायक दामोदर सावरकर की पुण्यतिथि कब मनाई जाती है?**
   (a) 22 फरवरी (b) 24 फरवरी
   (c) 25 फरवरी (d) 26 फरवरी
15. **संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्म गार्जियन'का आयोजन भारत और किस देश के बीच किया जा रहा है?**
   (a) जापान (b) फ्रांस
   (c) इटली (d) ऑस्ट्रेलिया

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (b) | (b) | (c) | (b) | (b) | (a) | (b) | (b) | (d) | (a) |
| **11.** | **12.** | **13.** | **14.** | **15.** | | | | | |
| (a) | (b) | (c) | (d) | (a) | | | | | |